आप क्या कर सकते हैं

1. **संकेत जानें।** हमारे संकेतक कार्डों (Indicator Cards) का ऑर्डर भेजें जो 17 भाषाओं में बटुए के आकार के सुविधाजनक कार्ड हैं जिनमें मुख्य संकेत हैं। आप अपने स्थानीय क्षेत्र में ये कार्ड बाँट सकते हैं। हमने पहली बार कार्रवाई करने वालों और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं (health care providers) के लिए संकेतक कार्ड बनाए हैं। अतिरिक्त जानकारी यहाँ प्राप्त करें: *www.dhs.gov/Bluecampaign*.

2. **खुफिया सूचना दें।** अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में आते हैं जो आपके विचार में मानव तस्करी (human trafficking) का पीड़ित व्यक्ति हो सकता है या अगर आप कानून प्रवर्तन (law enforcement) में हैं और अपने क्षेत्र में HSI से संपर्क करना चाहते हैं, तो **HSI Tipline से संपर्क करें:**

   - **(866) 347-2423 पर कॉल करें** (U.S. और कनाडा से मुफ्त)
   - **(802) 872-6199 पर कॉल करें** (विश्व में कहीं से भी मुफ्त नहीं)
   - या *www.ice.gov/tips* पर ऑनलाइन रूप से खुफिया सूचना दें (इंटरनेट पर कहीं से भी)

   उच्च प्रशिक्षित कानून प्रवर्तन विशेषज्ञ मानव तस्करी संबंधी खुफिया सूचना प्राप्त करने और पूरे राष्ट्र और पूरी दुनिया में ड्यूटी पर मौजूद मानव तस्करी जाँचकर्ताओं को तेज़ी से सुराग का प्रसार करने के लिए दिन में चौबीसों घंटे, सप्ताह में 7 दिन उपलब्ध रहते हैं। गुमनाम खुफिया सूचनाएं ऑनलाइन फॉर्म और मुफ्त Tipline के माध्यम से दी जा सकती हैं।

   राष्ट्रीय मानव तस्करी संसाधन केंद्र (National Human Trafficking Resource Center - NHTRC) को निम्न के लिए 1-888-373-7888 पर फोन करें:

   - आपके क्षेत्र में सहायता प्राप्त करना और किसी सेवा प्रदाता (service provider) से संपर्क करना;
   - संभावित मानव तस्करी कार्यकलाप के बारे में सूचना प्रदान करना; या
   - प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता या संसाधनों का अनुरोध करके और अधिक जानना।

   NHTRC देश में कहीं से भी, दिन में चौबीसों घंटे, सप्ताह में 7 दिन, वर्ष के प्रति दिन कॉलों का उत्तर देने के लिए उपलब्ध राष्ट्रीय, मुफ्त हॉटलाइन है। NHTRC कानून प्रवर्तन या आप्रवास प्राधिकरण (immigration authority) नहीं है और यह एक गैर-सरकारी संगठन द्वारा संचालित की जाती है।

3. **अपने क्षेत्र में Homeland Security Investigations (HSI) के बारे में जानें।** अपने क्षेत्र में मानव तस्करी पर काम करने वाले HSI विशेष एजेंटों और पीड़ित व्यक्ति सहायता विशेषज्ञों से संपर्क करने के लिए HSI Tipline को फोन करें और अपने पास किसी ऐसे मामले के होने से पहले ही, जिसकी संयुक्त रूप से जाँच-पड़ताल की जा सकती हो, उनसे संबंध बनाएं। सुराग प्राप्त करने और मामले की सूचना और खुफिया जानकारी का आदान-प्रदान करने के लिए सहयोग करें।

4. **अपने क्षेत्र में कार्यबल (task force) को जानें।** मानव तस्करी कार्यबलों में संघीय, राज्य-स्तरीय, स्थानीय, देश और जनजातीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों और अभियोजकों (prosecutors) के साथ-साथ पीड़ित व्यक्ति को सेवाएं प्रदान करने वाले NGOs सम्मिलित होते हैं। www.bja.gov देखकर पता लगाएं कि क्या आपके क्षेत्र में मानव तस्करी कार्यबल मौजूद है या नहीं। अगर कार्यबल मौजूद है, तो उससे संपर्क करें और उसके प्रयासों में सम्मिलित हों।

5. **स्वयं को और अपने सह-कर्मचारियों को सजग करें।** अगर आप कानून प्रवर्तन अधिकारी हैं, तो हमारे मुफ्त कंप्यूटर आधारित, इंटरएक्टिव प्रशिक्षण में ऐसी विभिन्न इंटरव्यू और जाँच-पड़ताल तरकीबें दी गई हैं जो आपको और अधिक कारगर होने में सहायता कर सकती हैं। इस वेबसाइट पर जाएं: *www.fletc.gov/training/programs/human-trafficking-training-program*. अगर आप पहली बार कार्रवाई करने वाले व्यक्ति या स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर (health care professional) हैं, तो हमारा सामान्य ऑनलाइन, इंटरएक्टिव प्रशिक्षण प्राप्त करें और हमारा पहली बार कार्रवाई करने वाले व्यक्ति संबंधी वीडियो देखें।
   इस वेबसाइट पर जाएं: *www.dhs.gov/Bluecampaign*.

6. **Blue Campaign वेबसाइट देखें।** अतिरिक्त प्रशिक्षण, पहुँच सामग्री, पीड़ित व्यक्ति सहायता सामग्री और इस संबंध में सूचना के लिए कि आप मानव तस्करी समाप्त करने के लिए संघर्ष में कैसे सम्मिलित हो सकते हैं, इस वेबसाइट पर जाएं: *www.dhs.gov/bluecampaign*. हमें Facebook पर "Like" करें: *www.facebook.com/bluecampaign*. या हमसे इस पते पर संपर्क करें: *BlueCampaign@hq.dhs.gov*.

पीड़ित व्यक्ति की पहचान

कानून प्रवर्तन, पहली बार कार्रवाई करने वाले व्यक्ति और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर



आप क्या कर सकते हैं?

मानव तस्करी के पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करना और इसके संदिग्ध मामलों के बारे में सूचित करना

BLUE CAMPAIGN
One Voice. One Mission. End Human Trafficking.

आप क्या कर सकते हैं?

मानव तस्करी के पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करना और इसके संदिग्ध मामलों के बारे में सूचित करना

पीड़ित व्यक्ति आसानी से नज़र आ जाते हैं

आपका अपनी ड्यूटी के दौरान मानव तस्करी के किसी संभावित पीड़ित व्यक्ति से सामना हो सकता है। मानव तस्करी के शिकार हमारे समुदायों में होते हैं। कानून प्रर्वतन अधिकारी का घरेलू गड़बड़ी की कॉलों; मसाज पार्लरों, बारों और स्ट्रिप क्लबों में घटनाओं के दौरान कार्रवाई करते समय; या यहाँ तक कि सामान्य रूप से ट्रैफिक रोकने के दौरान पीड़ित व्यक्तियों से सामना हो सकता है। पहली बार कार्रवाई करने वाले और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर आपातस्थितियों पर कार्रवाई करने या अस्पतालों या डॉक्टरों के कार्यालयों में रोगियों का उपचार करते समय संकेत देख सकते हैं। स्वास्थ्य और सुरक्षा निरीक्षक (inspectors) पीड़ित व्यक्तियों को रेस्तरांओं, फैक्टरियों, निर्माण स्थलों या खेतों में काम करते हुए पा सकते हैं।

मानव तस्करी के पीड़ित व्यक्तियों की आयु, प्रजाति, लिंग या नागरिकता, अमरीकी नागरिकता सहित, कुछ भी हो सकती है

उनके पास कानूनी आप्रवास दर्जा हो सकता है या नहीं भी हो सकता। पीड़ित व्यक्ति वैध और अवैध श्रम क्षेत्रों में पाए जाते हैं; कुछ को अच्छे वेतन वाली नौकरी देने के झूठे वायदे या यहाँ तक कि प्रेम से भी ललचाया जाता है। अक्सर, उनसे ज़बरदस्ती या बलपूर्वक घरेलू नौकर, खेत या फैक्टरी श्रमिक या ज़बरदस्ती श्रम के अन्य प्रकार के काम या सेक्स का धंधा (वेश्यावृत्ति) करवाया जाता है। संघीय कानूनों के अंतर्गत ऐसे प्रत्येक अवयस्क को मानव तस्करी का पीड़ित व्यक्ति माना जाता है जिसे सेक्स के धंधे के लिए प्रेरित किया जाता है।

मानव तस्कर कैसे काम करते हैं

मानव तस्कर उन लोगों को शिकार बनाते हैं जो सामाजिक रूप से कम सुरक्षित होते हैं या असुरक्षित होते हैं। वे ऐसे लोगों की खोज करते हैं जो विविध कारणों से कमज़ोर होते हैं जिनमें आर्थिक कठिनाई, घर में हिंसा, प्राकृतिक आपदाएं या राजनीतिक अस्थिरता सम्मिलित हैं। मानव तस्कर पीड़ित व्यक्तियों को फंसाने के लिए विविध प्रकार के तरीकों का उपयोग करते हैं जिनमें हिंसा या हिंसा की धमकी और मनोवैज्ञानिक रूप से पीड़ित करना सम्मिलित है। यह सदमा इतना गहरा हो सकता है कि हो सकता है कि कुछ लोग स्वयं को पीड़ित न मानें या बहुत अधिक व्यक्तियों की मौजूदगी में भी सहायता के लिए न कहें।

मानव तस्करी के संकेत

मुख्य संकेतों की पहचान करने से किसी की जान बच सकती है। यह पीड़ित व्यक्तियों की पहचान करने में पहला चरण है। नीचे वर्णित सभी संकेत मानव तस्करी की प्रत्येक घटना में मौजूद नहीं होते। किसी संकेत की मौजूदगी या गैर-मौजूदगी आवश्यक रूप से मानव तस्करी का प्रमाण नहीं है।

अगर आप कानून प्रवर्तन अधिकारी हैं, तो किसी जाँच-पड़ताल पर सहयोगात्मक रूप से काम करने या कोई खुफिया जानकारी देने के लिए कृपया अपने क्षेत्र में Homeland Security Investigations' (HSI) के फील्ड ऑफिस या मानव तस्करी कार्यबल (Human Trafficking Task Force) से संपर्क करें। HSI मानव तस्करी की जाँच-पड़ताल करने और मानव तस्करों को गिरफ्तार करने के लिए ज़िम्मेदार है। अपने सुपरवाइज़र को सूचित करने और उपयुक्त स्थानीय प्राधिकारियों को संलग्न करने के लिए आपके लिए पालन किए जाने के लिए कोई संगठन विशिष्ट प्रोटोकॉल हो सकता है। अगर आप पहली बार कार्रवाई करने वाले व्यक्ति हैं, तो कृपया खुफिया जानकारी दें। आपकी सुरक्षा और पीड़ित व्यक्ति की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। **अगर आप कानून प्रवर्तन विभाग में न हों, तो किसी भी समय किसी संदिग्ध मानव तस्कर का कभी सीधे मुकाबला करने या पीड़ित व्यक्ति को अपने संदेह के बारे में सचेत करने का प्रयास न करें।**

श्रम या सेवा संबंधित संकेत

- क्या व्यक्ति को किसी एक काम के लिए भर्ती किया गया है और उससे ज़बरदस्ती कोई अन्य काम करवाया जा रहा है?
- क्या कथित ऋणों का भुगतान करने के लिए व्यक्ति का वेतन लिया जा रहा है?

  क्या व्यक्ति को सेक्स संबंधी काम करने के लिए मज़बूर किया गया था? क्या व्यक्ति सेक्स के धंधे में संलिप्त किशोर है?
- क्या व्यक्ति बहुत देर तक और/या असामान्य समय में काम करता है?
- क्या व्यक्ति ने स्थिति या अपने द्वारा किए जाने वाले काम के लिए अपर्याप्त कपड़े पहने हुए हैं?

नियंत्रण संबंधित संकेत

- क्या व्यक्ति के पास अपनी पहचान और यात्रा के दस्तावेज़ हैं; अगर नहीं, तो दस्तावेज़ किसके कब्ज़े में हैं?
- क्या ऐसा लगता है कि व्यक्ति को यह सिखाया गया है कि क्या कहना है? क्या वह किसी ऐसे व्यक्ति के साथ होता है जिसका स्थिति पर नियंत्रण प्रतीत होता है?
- क्या व्यक्ति या उसके परिवार को नुकसान पहुँचाने की धमकी दी गई है?
- क्या व्यक्ति भयभीत, डरपोक या दब्बू है?
- क्या व्यक्ति को देश से निकालने या कानून प्रवर्तन कार्रवाई की धमकी दी गई है?
- क्या व्यक्ति भ्रमित, घबराया हुआ है या मानसिक या शारीरिक दुर्व्यवहार के संकेत प्रकट कर रहा है?
- क्या व्यक्ति मित्रों या परिवार से आसानी से संपर्क कर सकता है?
- क्या व्यक्ति को लोगों से खुलकर मिलने-जुलने या धार्मिक कार्यों में जाने की अनुमति है?

रहन-सहन की परिस्थितियों के संकेत

- क्या व्यक्ति के पास निजी चीज़ों की कमी है और ऐसा लगता है कि उसकी रहन-सहन की स्थिति सुव्यवस्थित नहीं है?
- क्या व्यक्ति को आने-जाने की स्वतंत्रता है? क्या व्यक्ति उस स्थान से मुक्त रूप से जा सकता है जहाँ वह रहता है? क्या अनुचित संरक्षा उपाय मौजूद हैं?
- क्या व्यक्ति को भोजन, पानी, नींद, चिकित्सा देखभाल या ज़िंदगी की अन्य बुनियादी ज़रूरतों से वंचित रखा गया है?

यात्रा संबंधित संकेत

- क्या व्यक्ति को अपना अंतिम गंतव्य (destination) पता है? या यह पता है कि वह कैसे वहाँ पहुँचेगा?
- क्या व्यक्ति को यह पता है कि अंतिम गंतव्य पर उसे कौन मिलेगा?
- क्या कोई बच्चा किसी ऐसे व्यक्ति के साथ यात्रा कर रहा है जो उसका वास्तविक माता/पिता या संरक्षक नहीं लगता?

चिकित्सा संबंधित संकेत

- क्या व्यक्ति को ज़ख्म, जलने के घाव, अंगों संबंधी विकृतियाँ या संक्रमण हैं?
- क्या व्यक्ति को अपना चिकित्सा इतिहास बताने से रोका जा रहा है या उसे सीमित चिकित्सा इतिहास बताने दिया जा रहा है?
- क्या व्यक्ति पेशाब संबंधी तकलीफों, पेड़ू (pelvic) के दर्द, गर्भावस्था या गुदा संबंधी चोट से पीड़ित है?
- क्या व्यक्ति पीठ, सुनाई देने, कार्डियोवस्कुलर या साँस संबंधी किसी असाध्य तकलीफ का अनुभव कर रहा है?
- क्या व्यक्ति की नज़र कमज़ोर है या उसे आँख संबंधी तकलीफें हैं?
- क्या व्यक्ति कुपोषित लगता है या क्या उसे दाँतो संबंधी गंभीर तकलीफें हैं?

BLUE CAMPAIGN
One Voice. One Mission. End Human Trafficking.